# पानी और भौतिकी

## पानी का "उच्च विशिष्ट ताप" का क्या अर्थ है?

पानी बहुत गर्मी को अवशोषित कर सकता है। जल गर्म एवं ठंडा धीरे-धीरे होता है। क्या आपने कभी गर्मी के दौरान, धूप में पानी की बाल्टी रखी है? क्या आप उस पानी में अंडा उबाल सकते हैं? शायद नहीं। पानी गरम तो होगा , लेकिन इतना गर्म भी नहीं होगा। वही धूप गर्मियों में सड़क को इतना तपा देता है कि आप उस पर नंगे पाँव चलने की कल्पना भी नहीं कर सकते। ऐसा क्यों होता है ? क्योंकि पानी की उच्च विशिष्ट ताप, सड़क बनाने वाले सामग्री से कहीं अधिक है। पानी के तापमान में वृद्धि करने के लिए बहुत ऊष्मा की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि आपके शरीर में 70% जल होने से इसका तापमान नियंत्रित रहता है। पृथ्वी एक विशाल जीव के स्वरूप है जहाँ महासागर ऊष्मा के शोषक की तरह हैं जो पृथ्वी के तापमान को विनियमित करते हैं और गर्मी को अधिक सहनशील बनाते हैं।



*बड़े जल निकायों के निकट क्षेत्र में मध्यम जलवायु*

अगला तथ्य >>
**जल- सार्वभौमिक विलायक**